वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए डॉ. राजीब कुमार बोरा, समूह समन्वयक (अनुसंधान)

संस्थान में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के डॉ. राजीब कुमार बोरा, वैज्ञानिक ई एवं समूह समन्वयक (अनुसंधान) के साथ-साथ अन्य वैज्ञानिक, अधिकारी, अनुसंधान से संबंधित व्यक्ति और अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. राजीब कुमार बोरा के करकमलों से *Michelia Champaca* का पौधा लगाकर किया गया। अन्य वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक-एक पौधा लगाया। इसके उपरान्त डॉ. राजीब कुमार बोरा, समूह समन्वयक (अनुसंधान) ने अपने व्यक्तव्य में पर्यावरण को संतुलित बनाये रखने के लिए पेड़ की अहमियत और सभी जीवों के लिए पेड़ के योगदान पर जोड़ दिया। उन्होंने कहा कि पैड़-पौधें हमारें धरती के नैसर्गिक शोभा को भी बनाये रखते है। डॉ. टी. सी. भूइयां, अनुसंधान अधिकारी ने अपने भाषण में यह व्यक्त किया कि हमें अपने आस-पास जहाँ भी संभव हो पैड़ लगाने चाहिए। अपने बच्चों में यह आदत डालनी जरुरी है कि वे भी प्रकृति के साथ संबंध बनाये रखें। अंत में जहाँ है हरियाली, वहाँ है खुशहाली का नारा बुलंद करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।